CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 135 ▫ रायपुर, सोमवार 8 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### टीएमसी नेता जहांगीर खान को एसटीएफ ने भारत-नेपाल सीमा से दबोचा; जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तारी

**नई दिल्ली, 8 जून ( न्यूज चैनल )।** पश्चिम बंगाल की फलता विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार रहे जहांगीर खान को राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल की तरफ से गिरफ्तार कर लिया गया है।



जानकारी के मुताबिक, चुनावी हिंसा के आरोपी जहांगीर लंबे समय से फरार थे और मतदान के दौरान पुलिस को खुली चुनौती देकर चर्चा में आए थे। पुलिस के मुताबिक, उत्तरी बंगाल में भारत-नेपाल सीमा के पास टीएमसी नेता जहांगीर खान को जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 26 मई को जहांगीर खान को दी गई अंतरिम सुरक्षा रद्द कर दी थी।

### फिलीपींस में भूकंप से दहशतः झटकों से पलभर में ढही इमारतें; चार की मौत

**नई दिल्ली, 8 जून ( न्यूज चैनल )।** फिलीपींस में सोमवार को आए 8.1 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचा दी। दक्षिणी फिलीपींस के मिंडानाओ द्वीप के पास आए इस भूकंप के बाद कई इमारतें ढह गईं और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 200 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और वीडियो में इमारतों को गिरते और लोग जान बचाकर भागते दिखाई दिए। भूकंप के बाद सुनामी का अलर्ट भी जारी कर दिया गया। भूकंप के तेज झटकों के बाद लोग घरों, स्कूलों और अस्पतालों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। कई स्कूल और यूनिवर्सिटी भवनों को नुकसान पहुंचा है। वायरल वीडियो में देखा गया कि एक स्कूल परिसर के बाहर छात्र खुले मैदान में खड़े थे, तभी पीछे की इमारत का हिस्सा भरभराकर गिर गया।




**चूहा- सुनती हो, अयोध्या में राममंदिर की दानपेटी से करोड़ों रूपये चुरा लिए गए। चुहिया- हां जी, क्या फर्क पड़ता है वहां तो रोज रूपयों की बरसात होती है..!**

## हाथी का आतंक

# सड़क निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों पर किया हमला, दो की मौत

**मनेन्द्रगढ़, 8 जून ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ से लगे गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां रविवार देर रात हाथी ने दो श्रमिकों को कुचलकर मार डाला, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, घटना टाइगर रिजर्व क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देवसील गांव की आगे बस्ती की है। यहां सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था, जिसमें जेसीबी मशीन और कई श्रमिक लगे हुए थे। रविवार की देर रात श्रमिक काम खत्म करने के बाद आग जलाकर खाना खाए और वहीं पास में ही आराम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक विशालकाय हाथी वहां आ धमका और श्रमिकों पर हमला बोल दिया। हमले में गौरव (22) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल



अमर सिंह (35) ने सोनहत अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# इंडिया ब्लॉक की बैठक से टीवीके नदारद; कांग्रेस-सपा, टीएमसी समेत कई दलों के नेता मौजूद

**नई दिल्ली, 8 जून ( न्यूज चैनल )।** विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया ब्लॉक की अहम बैठक आज दिल्ली में आयोजित है। जिसमें हालिया विधानसभा चुनाव के बाद की रणनीति पर मंथन हो रहा है। वहीं, विधानसभा चुनावों में पार्टियों के बीच मतभेद का असर इस पर दिखने लगा है। डीएमके और आप ने जहां बैठक से दूरी बना ली है। वहीं कुछ अन्य दलों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में इंडिया ब्लॉक की बैठक शुरू। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, सुप्रिया सुले, उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती समेत कई नेता बैठक में मौजूद हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में जारी है। लेकिन इस बैठक से तमिलनाडु की पार्टियों ने पूरी तरह दूरी बना रखी है। राज्य के सत्ताधारी दल टीवीके की बात करें तो विजय की टीवीके ने इस बैठक में शिरकत नहीं की।




## पोस्टर से राहुल की योग्यता पर सवाल!

दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की अहम बैठक से पहले राजनीति एक बार फिर पोस्टर वॉर के कारण गरमा गई है। सोमवार सुबह राजधानी दिल्ली के कई बड़े चौराहों पर राहुल गांधी को निशाने पर लेने वाले पोस्टर लगाए गए। इन पोस्टरों में विपक्षी दलों के नेताओं के पुराने बयान दिखाकर राहुल गांधी की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाने की कोशिश की गई। बैठक से ठीक पहले सामने आए इन पोस्टरों ने विपक्षी गठबंधन के भीतर एकता और नेतृत्व को लेकर नई बहस छेड़ दी है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इन पोस्टरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने ऐसे पोस्टर देखे ही नहीं हैं। हालांकि राजनीतिक गलियारों में इन पोस्टरों को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। पोस्टरों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन और आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल के पुराने बयान दिखाए गए थे।

# छत्तीसगढ़ के तीन जवानों को मिलेगा 'शौर्य चक्र' दिल्ली में राष्ट्रपति के हाथों होंगे सम्मानित

**बालोद/भानुप्रतापपुर, 8 जून ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ के तीन जवानों को आज नई दिल्ली में राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों प्रतिष्ठित वीरता सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाएगा. असम रायफल में पदस्थ जवान भोजराम साहू को मणिपुर में आंतकियों के साथ मुठभेड़ में प्रदर्शित अदम्य साहस और वीरता के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाएगा. वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल अभियानों के दौरान उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले पुलिस निरीक्षक लक्ष्मण केवट और निरीक्षक रामेश्वर देशमुख भी इस सम्मान से अलंकृत होंगे। असम राइफल्स के जवान भोजराम साहू ने बताया कि 15 नवंबर, 2024 को मणिपुर के टेंगनोपाल में आतंकियों के घुसने की सूचना मिली थी. करीब 9:30 बजे आतंकियों के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें भोजराम साहू को एक गोली भी लगी थी. लेकिन



उनका हौंसला नहीं टूटा, जवाब कार्रवाई में भोजराम ने फायरिंग नहीं रोकी. फलस्वरूप आतंकियों को मैदान छोड़कर भागना पड़ा. इस कार्रवाई में 3 आतंकियों की मौत हुई थी।

बता दें कि भोजराम साहू, बालोद जिले के आदिवासी विकास खण्ड डौंडी के गांव ढोरींठेमा के रहने वाले हैं. वह असम रायफल में पदस्थ हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियानों में अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने वाले पुलिस अधिकारी निरीक्षक लक्ष्मण केवट और निरीक्षक रामेश्वर देशमुख को आज 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया जाएगा. राजनांदगांव और बस्तर के दुर्गम जंगलों में वर्षों से नक्सल विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रहे दोनों जांबाज अफसरों ने कई सफल ऑपरेशनों को अंजाम दिया है. बस्तर में जहां भी उनकी तैनाती रही, वहां उन्होंने अग्रिम मोर्चे पर रहकर सुरक्षा बलों का नेतृत्व किया और नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की।

पुलिस महकमे में दोनों अधिकारियों को नक्सल एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में जाना जाता है. उपलब्ध जानकारी के अनुसार, निरीक्षक लक्ष्मण केवट अब तक 97 नक्सलियों के खिलाफ सफल अभियानों का हिस्सा रहे हैं, जबकि निरीक्षक रामेश्वर देशमुख 56 नक्सलियों के विरुद्ध हुई कार्रवाइयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं. दोनों अधिकारियों की बहादुरी का सबसे बड़ा उदाहरण 16 अप्रैल 2024 को देखने को मिला, जब कांकेर जिले के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के हापाटोला जंगल में सुरक्षा बलों ने एक बड़े अभियान को अंजाम दिया. इस अभियान में 15 महिला नक्सलियों सहित कुल 29 नक्सली मारे गए थे।

छत्तीसगढ़ के नक्सल विरोधी इतिहास में इसे सबसे सफल अभियानों में से एक माना जाता है. ऑपरेशन के दौरान दोनों अधिकारियों ने स्वयं जंगल के भीतर मोर्चा संभालते हुए जवानों का नेतृत्व किया था. निरीक्षक लक्ष्मण केवट को अब तक 6 राष्टपति पुलिस पदक सहित सीआरपीएफ और बीएसएफ के कई वीरता सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

# उधार की रकम नहीं लौटाना अपने आप में ठगी नहीं : कोर्ट

**बिलासपुर, 8 जून ( हाईवे चैनल )।** व्यापारिक और व्यक्तिगत लेनदेन से जुड़े विवादों को आपराधिक मामलों का स्वरूप देने की बढ़ती प्रवृत्ति पर विशेष अदालत ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी) लवकेश प्रताप सिंह बघेल की अदालत ने स्पष्ट कहा है कि केवल उधार ली गई रकम वापस नहीं करना अपने आप में 'ठगी', 'आपराधिक विश्वासघात' या 'आपराधिक षड्यंत्र' की श्रेणी में नहीं आता।



मामला बिल्हा क्षेत्र के व्यापारी संतोष बंसल से जुड़ा है, जो स्टील और सीमेंट कारोबार से जुड़े हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके परिचित संदीप गर्ग और उनकी पत्नी प्रीति गर्ग ने वर्ष 2022 में गंभीर बीमारी और व्यवसायिक जरूरतों का हवाला देकर उनसे 25 लाख रुपये उधार लिए थे।

वादी के अनुसार आरोपितों ने भरोसा दिलाया था कि संपत्ति बेचकर पूरी रकम लौटा दी जाएगी। बाद में ऐसा नहीं किया गया। मार्च 2024 में संदीप गर्ग का निधन हो गया, जिसके बाद उनकी पत्नी प्रीति गर्ग ने कथित रूप से बाकी रकम लौटाने से इनकार कर दिया। रिकॉर्ड के मुताबिक बाद में परिवार की ओर से 1.65 लाख रुपये की आंशिक राशि वापस भी की गई, लेकिन शेष 23.35 लाख रुपये की वसूली नहीं होने पर व्यापारी ने पुलिस और अदालत का रुख किया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बिल्हा ने सितंबर 2025 में परिवाद खारिज करते हुए कहा था कि मामला धन-वसूली और लेनदेन से संबंधित है, इसलिए इसकी प्रकृति दीवानी है। इसी आदेश को चुनौती देते हुए विशेष न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर की गई थी। विशेष अदालत ने सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय के एक महत्वपूर्ण फैसले का उल्लेख किया। अदालत ने कहा कि केवल वादा पूरा नहीं होने से यह साबित नहीं होता कि शुरुआत से ही धोखाधड़ी या बेईमानी का इरादा था। आपराधिक अपराध सिद्ध करने के लिए यह साबित करना आवश्यक है कि आरोपित ने लेनदेन की शुरुआत से ही धोखा देने की योजना बनाई थी।

# जांजगीर जेल के 4 बंदी एचआईवी संक्रमित

**जांजगीर, 8 जून ( हाईवे चैनल )।** एक तरफ एचआईवी संक्रमण से रोकने के लिए केंद्र और राज्य की सरकार शहर से लेकर गांव तक लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चला रही है, बावजूद इसके संक्रमितों के आंकड़ों में तेजी से इजाफा देखने को मिल रहा है। कुछ राज्य तो ऐसे भी है जहां हर साल एचआईवी संक्रमितों के आंकड़े दोगुने हो जाते हैं। इस बीच छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, यहां जिला



जेल के 4 बंदी एचआईवी पॉजिटिव मिलने से हड़कंप मच गया, हैरानी की बात यह है कि जेल में कैसे इस संक्रमण ने बंदियों को अपनी चपेट में ले लिया? क्योंकि जेल में बंदी पुलिस प्रहरी की देखरेख में रहते हैं। बंदियों में एचआईवी पुष्टि होते ही अब उनके इलाज को लेकर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, जिला अस्पताल में जांच कराने पर 4 बंदियों की रिपोर्ट एचआईवी पॉजिटिव आई है, बताया जा रहा है कि संक्रमित बंदियों को जेल में संचालित हॉस्पिटल के माध्यम से दवाई दी जा रही है। वही, बिलासपुर सिम्स में भी चेकअप कराया जाता है। लेकिन जेल के अंदर इस तरह के संक्रमण का फैलना आश्चर्य की बात है। एचआईवी संक्रमित कैदियों को समय पर इलाज और जरूरी दवाइयां देना बहुत जरूरी है।

# होटल में रेप करने वाला टीचर गिरफ्तार

**बिलासपुर, 8 जून ( हाईवे चैनल )।** जिले से गुरु और शिष्य के पवित्र रिश्ते को तार-तार करने वाली एक बेहद संवेदनशील और सनसनीखेज



घटना सामने आई है। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में एक निजी स्कूल के पूर्व शिक्षक ने अपनी ही एक पूर्व छात्रा (नाबालिग) को डरा-धमकाकर उसका अपहरण किया और तोरवा इलाके के एक होटल में उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। यह मामला दिसंबर 2025 का बताया जा रहा है। आरोपी के खौफ की वजह से पीड़िता करीब छह महीने तक चुप रही, लेकिन आखिरकार उसने परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा।

# पिछले चार वर्षों में धमतरी पुलिस की गांजा पर सबसे बड़ी कार्रवाई, 2.60 करोड़ के गांजा के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

- मुख्य तस्करों के साथ पायलटिंग कर रहे स्विफ्ट चालक एवं गांजा परिवहन में प्रयुक्त पिकअप चालक भी गिरफ्तार, संगठित तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़
- एसपी सूरज सिंह परिहार के नेतृत्व में बड़ी सफलता, महज 6 सप्ताह में गांजा तस्करों पर लगातार सातवां बड़ा प्रहार, अंतर्राज्यीय नेटवर्क की कमर टूटी

**धमतरी, 8 जून ( हाईवे चैनल )।** पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार ने आज एसपी कार्यालय मे प्रेस वार्ता लेकर गांजा तस्करी का खुलासा किया.एसपी ने बताया कि अर्जुनी पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक महेन्द्रा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी -04-क्यू एच -0834 एवं एक मारूति स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी -04-क्यू ए -3116 में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरकर चारामा से धमतरी की ओर परिवहन किया जा रहा है.जिसकी सूचना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए एसपी धमतरी द्वारा सीएसपी धमतरी को नाकाबंदी करने के लिए निर्देशित किया गया।जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल सक्रिय होकर क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित रणनीति बनाकर संदिग्ध वाहनों की सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर आगे पीछे से घेराबंदी कर श्याम तराई फारेस्ट नाका के पास पकड़ा गया।

वाहन की तलाशी के दौरान महेन्द्रा पिकअप में रखी 13 प्लास्टिक बोरियों एवं स्विफ्ट कार में छिपाकर रखे गए पैकेटों सहित कुल 96 पैकेटों में 490.818 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया।बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 2 करोड़ 45 लाख ,40,900 रूपये आंकी गई है। मौके पर पुलिस ने 4 आरोपियों एवं 1 विधि से संघर्षरत बालक का सामाजिक पृष्ठभूमि तैयार कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जा रहा है।






गिरफ्तार आरोपियो मे नौशाद खान पिता मुन्ना खान (29 वर्ष), मूल निवासी ग्राम बरनावा, थाना बिनोली,जिला बागपत (उ.प्र.), वर्तमान निवासी जगदलपुर,करण साहू पिता मनोज कुमार साहू 22 वर्ष निवासी ग्राम बोरिया अंतरामार्ट गली नम्बर 4 अक्षर विहार थाना टिकरापारा रायपुर,मोह0 शादिक पिता मोह0 यूनुस खान 30 वर्ष निवासी गोकुलनगर टिकरापारा रायपुर, हिमांशु साहू पिता भोज राम साहू 20 वर्ष निवासी पचपेड़ी नाका रायपुर व एक विधि से संघर्षरत बालक शामिल है.आरोपियों से490.818 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत लगभग 2,45,40,900 रूपये,1 मारूति स्विफ्ट कार कीमत लगभग 9,00,000,1 महेन्द्रा पिकअप वाहन कीमत लगभग 5,00,000 रूपये,6 नग मोबाइल फोन,कीमत लगभग 1,35,000 रूपये,कुल जप्त संपत्ति की अनुमानित कीमत 2,60,75,900 रूपये यह धमतरी जिले में पिछले चार वर्षों में सबसे बड़ी गांजा जप्ती की कार्यवाही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। आरोपियों द्वारा जगदलपुर क्षेत्र से गांजा लाकर रायपुर एवं अन्य स्थानों में खपाने की तैयारी की जा रही थी।प्रेस वार्ता के दौरान ए एस पी शैलेन्द्र पाण्डेय सी एस पी अभिषेक चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।

**रात भर रही पुलिस की चौकसी:** बता दे कि धमतरी पुलिस को आधी रात मे गांजा तस्करी धमतरी से होने की सूचना मिली थी जिसके पश्चात् एसपी के मार्गदर्शन मे कई टीम द्वारा नाकाबन्दी की गई थी लेकिन अगले दिन रविवार को टीम ने श्याम तराई वनोपज नाका के पास टीम को सफलता मिली.जिससे इतनी बड़ी सफलता धमतरी पुलिस को मिल पाई।

**पुलिस टीम होंगे पुरस्कृतः** प्रेस वार्ता के दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस टीम ने बेहतर पुलिसिंग को अंजाम दिया. जिससे सफलता मिल पाई. इतनी बड़ी सफलता के बाद एसपी ने खुशी जताते हुए पुलिस टीम को इनाम देंने की घोषणा की.बता दे कि जगदलपुर से गांजा लोड कर धमतरी तक तस्कर पहुँच गए इस दौरान कई जिले कई थानो से होकर तस्कर गुजरे लेकिन सफलता धमतरी पुलिस को मिली

## छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को लेकर वार-पलटवार

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल का वार- कांग्रेस को परंपरा और संस्कार में ही गुटबाजी | नेता प्रतिपक्ष महंत का पलटवार- सामूहिक नेतृत्व में हम करते हैं विश्वास

**रायपुर, 8 जून ( हाईवे चैनल )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के लिए कवायद शुरू हो गई है. पद के लिए कई दावेदार हैं, कुछ मुखर हैं, तो कुछ पर्दे के पीछे गुप-चुप तरीके से अपने काम में जुटे हैं. प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल के इस अहम पद को लेकर जहां भाजपा नेता और मंत्री तंज कस रहे हैं, तो कांग्रेस नेता भी उसी तंज भरे लहजे में जवाब दे रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में कई और नेता शामिल होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पिछले 3 सालों से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का मुद्दा प्रदेश में घूम रहा है. अब यह बोरिंग चेप्टर हो चुका है. कांग्रेस को पूरे प्रदेश ने ही भुला दिया है. कांग्रेस की गतिविधियों को याद रखना, बुद्धिमानी वाला काम नहीं है. जब से मैंने होश संभाला है, देख रहा कि इनमे आपसी मतभेद ही रहता है.





कांग्रेस की परम्परा और संस्कार में ही गुटबाजी है. यहीं समय- समय पर उभरकर आता है। स्वास्थ्य मंत्री के बयान पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि हमारे में तो ऐसा नहीं है. वो अभी - अभी आए हैं, इनको कहाँ से पता लग गया. कांग्रेस में सब ठीक चल रहा है. उन्होंने कहा कि हम जो चार-पांच लोग अगुवाई कर रहे हैं, उनमें सब ठीक है. सामूहिक नेतृत्व में हम विश्वास करते हैं. चुनाव भी सामूहिक नेतृत्व में होगा. कांग्रेस में कुछ भी निर्णय होता है, तो सामूहिक नेतृत्व के आधार पर होता है।

डॉ. महंत ने कहा कि आने वाले समय में जिन ङ्क जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, उनमें प्रदेश अध्यक्ष बदलने की पूरी संभावना है. छत्तीसगढ़ के बारे में भी चर्चा है. लेकिन जब तक राहुल गांधी का यहां दौरा और जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण नहीं हो जाता, तब तक इसकी कोई जरूरत नहीं है. चरण दास महंत ने इसके साथ खाद-बीज को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन पर कहा कि सरकार का सब ठीक है, कहना उचित नहीं है. निचले स्तर पर समस्या अभी भी है, गांव में तकलीफ है. गांव में काम नहीं हो रहा है, इसलिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह से ठप है. इसकी चिंता सबको है, लेकिन मंत्रीगणों को नहीं दिख रहा है. इसमें गंभीरतापूर्वक मुख्यमंत्री को विचार करना चाहिए जो आज की जरूरत है। इंडियन एलायंस की बैठक पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि आज दिल्ली में इंडिया एलायंस की बैठक है. देश में महंगाई, डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस और खाद्य सामग्री के बढ़ते दामों पर चर्चा होगी. देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात होने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष की भूमिका और आगे की रणनीति पर मंथन होगा।

CMYK